सार-समाचार

बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों की पालना में विभिन्न विभागों के सहयोग से बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया जा रहा हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सचिव एवं अति. जिला न्यायाधीश गीता चौधरी ने विभागीय अधिकारियों और टीम के साथ सोमवार को जवाहर नगर सर्किल पर सुबह बाल वाहनियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऐसे वाहन जिनमें क्षमता से अधिक एवं खतरनाक तरीके से बच्चे बैठा रखे थे, उनके मौके पर ही चालान बनाए गए तथा जब्ती भी की गयी। इसके अतिरिक्त वाहन सुरक्षा से संबंधित अन्य बिन्दुओं जैसे वाहन की क्षमता, यांत्रिक फिटनेस-ब्रेक, टायर, लाइट, संकेतन, क्लच, सस्पेंशन, वाहन का बीमा, वाहन पूर्णत: पीले रंग में पेंटेड तथा उसका रंग साफ-सुथरा व स्पष्ट है या नहीं, वाहन के पीछे संबंधित स्कूल का नाम, पता एवं फोन नंबर का अंकन, वाहन की सुरक्षित संरचना, लॉकिंग प्रणाली की दु स्ता व अन्य सुरक्षा संबंधी बिन्दुओं की भी जांच की गई। कमी पाये जाने पर चालान काटे गए। परिवहन निरीक्षक, यातायात निरीक्षक देवेश भारद्वाज, सहायक उप निरीक्षक आलम गनी एवं टीम सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मध्यनजर विद्यालय वाहनों की राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वत: संज्ञान लेकर बाल वाहनियों के औचक निरीक्षण के निर्देश प्रदान किए गए हैं। कोटा जिले में अब तक 1000 से अधिक बाल वाहनियों की जांच कर 30 से अधिक वाहनों की जब्ती की गई एवं 384 वाहनों के चालान काटे गए हैं।

वंदना कैरियर इंस्टीट्यूट में स्टूडेंट्स को नए सत्र के स्कॉलरशिप टेस्ट शुरू

कोटा, (निसं)। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट (वीसीआई) मे 2026-27 मे होने वाली मेडिकल एवं इंजिनियरिंग प्रवेश परीक्षाओ की तैयारियों के लिए प्रवेश प्रकिया आज से शुरू हो चुकी है। नए सत्र मे एडमिशन के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट शुरू हो चुके है। नए सत्र मे प्रवेश एवं प्रतिभाओ को प्रोत्साहन देने के लिए वंदना कैरीयर इंस्टिट्यूट मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट (वीसीआई) स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। इसी के साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए भी वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट (वीसीआई) स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट आयोजित किया जा रहा हैं। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट (वीसीआई) के डायरेक्टर तुषार दुबे ने बताया की वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट स्कॉलरशिप टेस्ट मे शामिल होकर स्टूडेंट्स 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते है। जिसमे स्टूडेंट्स को 2 करोड़ तक की एडमिशन स्कॉलरशिप दी जाएगी। साथ ही कैश प्राइज,सर्टिफिकेट व मेडल्स भी दिए जाएगे।नए सत्र के लिए नीट एवं जेईई के बैच आगामी महीनों मे शुरू होंगे। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट (वीसीआई) के डायरेक्टर तुषार दुबे ने कहा की कम फीस मे स्टूडेंट्स को अच्छी शिक्षा देना वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट की प्राथमिकता है। पढ़ाई के लिए आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। स्टूडेंट्स को सम्बल प्रदान करने के लिए वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट (वीसीआई) द्वारा लगातार कई प्रयास किए जा रहे हैं। इस स्कॉलरशिप टेस्ट प्रोग्राम से स्टूडेंट्स को काफी लाभ होगा।

आरोग्य शिविर का आयोजन

रामगंजमण्डी, (निसं)। राज्य सरकार के 2 वर्ष का पूर्ण होने पर सोमवार को जिला चिकित्सालय रामगंजमंडी पर आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल द्वारा किया गया। साथ ही उपजिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर, खैराबाद प्रधान कलावती मेघवाल व ओम फौजी भी मंच पर उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल ने राज्य सरकार द्वारा पिछले 2 वर्षों में रामगंजमंडी में करवाए गए कार्यों व नगर पालिका को दी जिला चिकित्सालय की सौगात और नगर में करवाए विकास के कार्यों के बारे में बताया। इसी क्रम में पीएमओ प्रमोद कुमार द्वारा चिकित्सालय में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। शिविर में डॉ.गोविन्द यादव, डॉ.जसवंत राज, डॉ.अनिल मीणा, डॉ.शंकर मोहनपुरिया, नीरज मीना, बजरंग लाल मीणा, कमलेश अजमेरा, महेश, पंकज, ऊषा किरण और आशा सहित भाजपा नेता बंटी सेन द्वारा सेवाएं दी गई। इस दौरान 141 बच्चों के साथ 120 दैनिक मरीज को भी देखा गया। वहीं 45 टीवी के स्क्रीन हुई, 40 एमसीडी व 18 लोगों ने ब्लड डोनेशन का संकल्प लिया। शिविर में टोटल 560 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

दो पड़ौसियों के बीच झगड़ा, बीच-बचाव के लिये आये युवक का सिर फोड़ा

कोटा, (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में रविवार रात्रि को दो पड़ौसियों के बीच किसी बात को लेकर हुए झगड़े में हमलावर ने बीच-बचाव के लिये आये एक व्यक्ति के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसके काफी चोट आई, झगड़े में बीच-बचाव के लिये आया व्यक्ति नगर निगम में कार्यरत कर्मचारी राकेश राठौर है जिसने महावीर नगर थाने में रिपोर्ट दी। राकेश राठौर की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महावीर नगर इलाके के वीर सावरकर नगर में रविवार रात्रि को किसी बात को लेकर गोपाल महावर व उसके पड़ौसी सुरेश नागर के बीच झगड़ा हो गया और बात हाथापाई एवं एक दूसरे पर डंडो के हमले तक पहुंच गई, दो पडौसीयो के बीच हाथापाई को देखते हुए नगर निगम हाल चम्बल गार्डन में टिकट काउंटर पर कार्यरत कर्मचारी राकेश राठौर ने बीच-बचाव किया तो हमलावर ने उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले में राकेश के काफी चोट आई जिसे उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया। अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि दो पड़ौसियो के बीच झगड़ा हुआ था, बीच बचाव के दौरान राकेश के सिर पर हमला कर दिया। राकेश की ओर से रिपोर्ट दी गई। राकेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

नगर निगम कोटा ने अतिक्रमण हटाये

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा के प्रायुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि नगर निगम कोटा द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाही के क्रम में सोमवार को अतिक्रमण टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। जिसके अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तरुण कांत सोमानी के नेतृत्व में अतिक्रमण प्रभारी तोसिफ खानए जाप्ता प्रभारी मुकेश एवं दस्ता प्रभारी नरेन्द्र शाक्यवाल एवं मुकेश तंवर मय अतिक्रमण टीम द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरण के आधार पर बड़ा सोगरिया स्टेशन मेन रोड़ से अतिक्रमण को हटाया साथ ही रंगबाड़ी सड़क किनारों का मौका निरीक्षण किया गया एवं घोड़े वाले बाबा सर्किल से सड़कों व मुख्य मार्गों एवं स्लिप लेन पर लगे ठेले इत्यादि को हटाया गया व पुरानी सब्जीमंडी पीपल के पेड़ के पास गणेशजी और माताजी मंदिर के समीप एवं साथ ही साथ सड़कों व मुख्य मार्गों पर लगे ठेले इत्यादि को हटवाया जाकर आवागमन के रास्ते को सुगम करवाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

गौसेवा कर सी.एम. का जन्मदिन मनाया

कोटा, (निसं)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन पर शहर भाजपा महामंत्री महावीर नायक बिल्लू के नेतृत्व में बोरखेड़ा में देवली अरब रोड स्थित ओखलिया भैरू जी के सामने गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गायों को हरा चारा खिलाया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सफल और दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की। इस दौरान, भाजपा बोरखेड़ा मंडल अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, भाजपा महामंत्री बोरखेड़ा मण्डल प्रसन्न महेश्वरी, नरेश मेघवाल, बोरखेड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष शंभूसिंह कानावत, सचिव लक्ष्मण चौधरी, कोषाध्यक्ष हरिओम सुमन, दीपक गौत्तम, देवेंद्र राठौर, दिनेश गुप्ता, श्रवण, चंद्रबली, कुलदीप, शक्ति सिंह, भारत, दिनेश गुप्ता और लोकेश भट्ट समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

युवती ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। कैथूनीपोल थाना इलाके में एक युवती ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। जानकारी के अनुसार पाटनपोल निवासी युवती ने घर मे फांसी का फन्दा लगा लिया, परिजनों ने जब युवती को फंदे पर लटका देखा तो उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कैथूनीपोल थाने के एएसआई वीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि पाटनपोल निवासी भावना हाड़ा उर्फ काजल (21) ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। एएसआई ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

कॉलेज के निर्माण कार्य में अनियमितताओं पर मंत्री हीरालाल नागर ने नाराजगी जताई

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर कनवास में निर्माणाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां कॉलम में क्रेशर डस्ट भरी जा रही थी। वहीं बनास सैंड भी बिना छाने ही प्रयोग में ली जा रही थी। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

मंत्री नागर कनवास क्षेत्र के दौरे पर थे। जहां वे विकास रथ यात्रा के साथ ही विभिन्न शिलान्यास एवं लोकार्पण के कार्यक्रमों में भाग लेने पहुंचे थे। मंत्री नागर ने मार्केटिंग बोर्ड के एक्सईएन रामप्रसाद जाटव को फोन कर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि संपूर्ण निर्माण कार्य की जांच कराई जाएगी और यदि कार्य की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई तो

कनवास में निर्माणाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे ऊर्जा मंत्री नागर ने अनियमितताओं पर नाराजगी जताई है।

■ कॉलम में भरी जा रही थी क्रेशर डस्ट

पूरा निर्माण तुड़वा दिया जाएगा। मंत्री नागर ने कहा कि निर्माण कार्य में जॉन-2 की सेंड का प्रयोग करना चाहिए था। उन्होंने क्यूब भर कर टेस्ट करने के निर्देश दिए। मंत्री नागर ने कहा कि इतना बड़ा स्ट्रक्चर बन रहा है। आरसीसी का कार्य करते समय जेईएन को उपस्थित रहना चाहिए। जबकि निर्माण स्थल पर ऑटो मिक्सचर प्लांट लगाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुझे सीमेंट और रेट लाकर बताओं कौन सा प्रयोग में ले रहे हो। मंत्री नागर ने ड्राइंग की डिजाइन मंगवा कर देखी और उसे निर्माण सामग्री से मिलान किया। वहीं सरिये का वजन और मोटाई मापने के भी निर्देश दिऐं। मंत्री नागर ने एक्सईएन से कहा कि निर्माण स्थल पर लैबोरेट्री इंस्टॉल होनी चाहिऐं। जहां पर निर्माण सामग्री के टेस्टिंग हो सकें। इससे पहले उन्होंने सुपरवाईजर को बुलाकर निर्माण कार्य की जानकारी ली। संतुष्ट नहीं होने पर एक्सईएन को फोन लगाया। मंत्री नागर ने कहा कि बच्चों की भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

9 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा कॉलेज:- उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अनुशंसा पर बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कनवास में घोषित पॉलिटेक्निक कॉलेज के नवीन भवन का निर्माण दूधियाखेड़ी माताजी मंदिर के पास किया जा रहा है। इसके लिए निदेशक तकनीकी शिक्षा की ओर से 9 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई थी।

कॉलेज का निर्माण राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड द्वारा कराया जा रहा है। इस कॉलेज से कनवास के अलावा देवली, सांगोद और बपावर तक के बच्चें लाभान्वित हो सकेंगे।

110 अस्थि कलश हरिद्वार हरकी पौड़ी पर विसर्जित किए

कोटा, (निसं)। कर्मयोगी सेवा संस्थान की 29वीं अस्थि कलश यात्रा सोमवार को सम्पन्न हुई। कोटा जिला अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, लक्ष्मी नारायण गर्ग, लक्ष्मण सिंह हाड़ा, योगेश कुमार शर्मा के चार सदस्यीय दल के नेतृत्व में हरिद्वार स्थित हरकी पौड़ी पर विधि विधान से 110 अस्थियां मां गंगा की गोद में प्रवाहित की गई।

विसर्जन से पूर्व पंडित नरेश प्रधान ने सभी दिवंगत आत्माओं की सद्गति की कामना करते हुए पिंडदान करवाया। संस्थापक अध्यक्ष राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि अस्थि कलश यात्रा के तहत् विगत 6 माह से एकत्रित 110 अस्थि कलश श्रद्धांजलि देकर रवाना किए थे। जो अस्थि विसर्जन कर सोमवार को कोटा पहुंचा। उन्होंने बताया कि कर्मयोगी सेवा संस्थान के संयोजन में वर्ष में दो बार अस्थि कलश यात्रा हरिद्वार के लिए प्रस्थान करती है। अब तक 6804 अस्थि विसर्जन कार्य संपन्न हो चुका है। राजाराम जैन कर्मयोगी रावण सरकार ने बताया 20 जून 2025 से 10 दिसंबर तक लगभग 6 महीने की अवधि में कोटा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से पुलिस अधिकारियों के माध्यम से 66 लावारिस डेड बॉडी पहचान नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए कर्मयोगी सेवा संस्थान के सुपुर्द की गई थी। जिनका संस्थान द्वारा विधिवत दाह संस्कार करते हुए अस्थियों को हरिद्वार हरकी पौड़ी पर विसर्जन करने के लिए एकत्रित किया गया था। इस अवधि में 2 की पहचान होने से अस्थि कलश परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया था। ऐसे में, संस्थान के पास शेष 63 अस्थियों और निराश्रित 40 दिवंगतों समेत 103 अस्थियों का विसर्जन सम्पन्न हुआ है। इन निराश्रितों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था भी संस्थान द्वारा ही कराई गई थी। परिजनों द्वारा अस्थियों को हरिद्वार में विसर्जन करने में असमर्थ होने के कारण अस्थि कलश संस्थान के सुपुर्द कर दिए गए थे। कर्मयोगी सेवा संस्थान द्वारा कोटा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र में विद्युत दुर्घटना एवं सड़क दुर्घटना में अकाल मृत्यु का शिकार हुए सात बंदरों का भी अंतिम संस्कार किया गया था। इनके भी अस्थिकलश हरिद्वार में विसर्जित किए गए।



हरिद्वार स्थित हरकी पौड़ी पर विधि विधान से 110 अस्थियां मां गंगा की गोद में प्रवाहित की गई हैं।

कोटा रेल मंडल ने यात्री का कीमती बैग लौटाया

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में यात्रियों की सुरक्षा एवं विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत आरपीएफ कोटा द्वारा राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान छूटे एक यात्री के कीमती बैग को तत्परता से बरामद कर उनके प्रतिनिधि को सुरक्षित रूप से सुपुर्द किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 12431 राजधानी एक्सप्रेस के बी-7 कोच की सीट संख्या 65 पर यात्रा कर रहीं संपत देवी गर्ग का लेडीज बैग यात्रा के दौरान छूट गया था। बैग में नकद राशि, मोबाईल फोन, चार्जर, पुस्तकें एवं आवश्यक दवाईयाँ रखी हुई थी। इस संबंध में रेल मदद के माध्यम से सूचना प्राप्त होते ही कोटा मंडल के रेल सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए संबंधित कोच की कोटा स्टेशन पर जांच की। जांच के दौरान बैग को सुरक्षित अवस्था में बरामद कर लिया गया द्य इसके पश्चात यात्री के प्रतिनिधि रमेश चन्द्र गर्ग के कोटा पोस्ट पर उपस्थित होने पर आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण की गई। सभी औपचारिकताओं के बाद बैग को सही सलामत उनके सुपुर्द किया गया। कोटा रेलवे प्रशासन द्वारा की गई इस त्वरित एवं ईमानदार कार्रवाई से यात्री एवं उनके परिजनों ने गहरा संतोष व्यक्त किया। ऑपरेशन अमानत के अंतर्गत कोटा मंडल द्वारा की जा रही ऐसी पहलें न केवल यात्रियों के खोए हुए सामान को सुरक्षित लौटाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं, बल्कि रेल यात्रियों के मन में रेलवे के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत कर रही है।

गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी ली

छबड़ा (निसं)। वर्तमान सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार को प्रधान हरिओम नागर एवं विकास अधिकारी अभिषेक मीणा, तहसीलदार यादवेन्द्र यादव की अगुवाई में चांचौडा पंचायत के हनुवतखेड़ा स्थित श्रीबालाजी गौशाला में गायों को हरा-चारा खिलाया गया। यहां गौशाला में मौजूद गायों के बारे मे तथा यहां की व्यवस्थाओ के संबंध मे जानकारी ली गई। यहां सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मीणा, ब्लॉक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण देवकिशन गुर्जर, कौशल शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी गोपाल सैनी, कनिश्ठ सहायक हंसराज मीणा आदि मौजूद थे।

सुशासन सेवा पखवाड़ा जन जागरूकता रथ यात्रा का आयोजन

रामगंजमंडी, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में प्रदेशभर में सुशासन सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को रामगंजमंडी नगर पालिका क्षेत्र में सुशासन सेवा पखवाड़ा जन जागरूकता रथ यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे महाराणा प्रताप बस स्टैंड चौक पर आयोजित समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष अकलेश मेड़तवाल,

रामगंजमंडी में सुशासन सेवा पखवाड़ा जन जागरूकता रथ को नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

■ पालिकाध्यक्ष ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

विधानसभा प्रभारी उपजिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर, भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र राजा, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काला, पूर्व प्रधान भगवान सिंह धाकड़, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष ओम गुर्जर, रामगंजमंडी यात्रा प्रभारी महेन्द्र सामरिया व मंडल अध्यक्ष शैलेश काला सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। रथ यात्रा रामगंजमंडी नगर के 40 वार्डों में भ्रमण करते हुए प्रमुख चौराहों पर पहुँची। जहाँ नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रदेश सरकार की पिछले दो वर्षों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा।

वक्ताओं ने बताया कि डबल इंजन सरकार में लोकसभा सभा अध्यक्ष ओम बिरला व शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के सानिध्य में रामगंजमंडी में पारदर्शिता से सुनियोजित विकास और जनसेवा के कार्य हुए हैं। इस दौरान आमजन से संवाद करते हुए नेताओं ने कहा कि यदि किसी नागरिक के पास किसी योजना या कार्य को लेकर सुझाव है, तो उसके लिए सुझाव पेटी की व्यवस्था की गई है। जिसमें नागरिक अपने सुझाव लिखकर दे सकते हैं। ताकि सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर सके।

रथ यात्रा नगर के सभी वार्डों से होते हुए रात्रि में वार्ड नंबर 2, राजपूत कॉलोनी पहुँची, जहाँ यात्रा का समापन हुआ। समापन अवसर पर भाजपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिला शक्ति उपस्थित रही।

सार-समाचार

छात्र हसनैन का विद्यालय में सम्मान

कोटा, (निसं)। संत सुधा सागर पब्लिक स्कूल, चांदखेड़ी (खानपुर) के होनहार छात्र मोहम्मद हसनैन ने नई दिल्ली में आयोजित 6वीं पैरा शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.आर. वर्मा ने बताया कि उनका भारतीय टीम के सिलेक्शन ट्रायल के लिए भी अंतिम चयन हुआ है, जो अत्यंत गर्व की बात है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में संत सुधा सागर पब्लिक स्कूल परिसर में हसनैन के उत्साहवर्धन के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें छात्र को ट्रॉफी, साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान समारोह में पंचमुखी शूटिंग रेंज, कोटा से हसनैन की प्रशिक्षक कोच निशी सोलंकी, हसनैन के परिवारजन ने विद्यालय द्वारा माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

दस हजार का ईनामी स्मैक तस्कर गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम द्वारा पूर्व में 21.37 ग्राम स्मैक सहित पकड़ी गई महिला तस्कर के अनुसंधान पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए फरार दस हजार के ईनामी स्मैक तस्कर को गिरफतार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 2 अक्टुबर को भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के लिये चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन गरूड्व्यूह के तहत कार्यवाही करते हुए 21.37 ग्राम स्मैक, जिसकी कीमत करीब तीन लाख रूपये है, मादक पदार्थ स्मैक सहित महिला तस्कर द्रोपदी को पकड़ा था। शहर एसपी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी पुलिस ने गिरफ्तार महिला स्मैक तस्कर से अनुसंधान किया तो मामले में स्मैक तस्कर मदन लाल उर्फ राजा सिंधी का नाम सामने आया। शहर एसपी ने बताया कि फरार स्मैक तस्कर पर दस हजार का ईनाम घोषित किया गया। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दस हजार के ईनामी स्मैक तस्कर सब्जीमंडी निवासी मदन लाल उर्फ राजा सिंधी को गिरफ्तार किया।

बकाया राशि के 5 ट्रांसफार्मर उठाए

छबड़ा (निसं)। विद्युत विभाग छबडा, अधिशासी व सहायक अभियंता सतर्कता बारां, विद्युत चोरी निरोधक थाना बारां और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए खोखई, कछावन, शेखपुर ओर खेडी गांव से 13.92 लाख से अधिक की बकाया राशि के 5 ट्रांसफार्मर उठाए तथा 8 अवैध ट्रांसफार्मर जब्त किए है। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला ने बताया कि अधिशाशी व सहायक अभियंता सतर्कता, कनिष्ठ अभियंता छबडा, कडैया व उनके नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए क्षेत्र से श्री फेस के 5 ट्रांसफार्मर उठाए, जिनमे खोखई से 8 लाख पर 3 श्री फेज और खेडी से 5.92 लाख पर 2 ट्रांसफार्मर श्री फेज के कुल लगभग 13.92 लाख की बकाया राशि पर उठाए है। साथ ही 8 ट्रांसफार्मर अवैध जब्त किए, जिसमे खेडी से 1 श्री फेज, कछावन से 4 श्री फेज और 2 सिंगल फेज, शेखपुर से 1 श्री फेज ट्रांसफार्मर जब्त किए।

नियुद्ध खेल की दक्षता परीक्षा सम्पन्न

छबड़ा (निसं)। कस्बे की नियुद्ध गुरुकुल शाखा में नियुद्ध खेल की पीले कटिबंध की दक्षता परीक्षा सम्पन्न हुई। आदर्श विद्या मंदिर परिसर में संचालित नियुद्ध गुरुकुल में आयोजित परीक्षा में 10 पंजीकृत परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन परीक्षा में भाग लिया। जिसमें 10 नियोद्धाओं द्वारा अपनी नियुद्ध खेल की दक्षता को प्रमाणित किया गया। इस दौरान वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के नियुद्धाचार्य डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव, सचिव एवं द्विअंशी नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी, नियुद्ध गुरु अजय सिंह ऑनलाइन परीक्षा के परीक्षक रहे। नियुद्ध गुरु गौरव कश्यप एवं रविकांत पांचाल ने ऑनलाइन माध्यम से नियोद्धाओं की दक्षता परीक्षा संपन्न करवाई।

ढाबे में आग लगी, नगदी सहित सामान खाक

छबड़ा (निसं)। सालपुरा रोड स्थित ढाबे में बीती रात्रि 3.30 बजे अचानक आग लग जाने से आवष्यक सामान सहित नगदी जलकर स्वाह हो गई। आग की चपेट में आने से एक पालतू कुत्ता भी मर गया। जानकारी अनुसार ढाबे में लगी आग से गैस चूल्हा, पानी की टंकिया, फ्रिज, कूलर सहित कुछ नगदी जल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियो ने समय रहते आग पर काबू पाया अन्यथा आग बड़ा रूप ले सकती थी। आग लगने का कारण पता नही लग पाया हैं। इस अवसर पर जितेंद्र, नरेश सांखला, सत्यप्रकाश मेघवाल, रवि यादव, गजेंद्र षर्मा व बिट्टू आदि दमकल कर्मी मौजूद थे।

शहरी समस्या समाधान शिविर -2025 कल से

रामगंजमण्डी, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिकों की कठिनाईयों के निवारण एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु जनहित में शहरी समस्या समाधान शिविर - 2025 चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल ने बाताया कि यह शिविर पालिका में 17 दिसम्बर बुधवार से आरम्भ होंगे।

कार्यालय नगर निगम कोटा, राजस्थान

क्रमांक:-ननिकोटा/उपा.रा./2025/41-42 दिनांक:-12.12.25

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को जर्ये आम सूचना सूचित किया जाता है कि श्री पुखराज मालव पुत्र श्री राम नाथ मालव, निवासी 168 पुराना राजीव गांधी नगर कोटा नगर निगम कोटा की होटल/रेस्टोरेन्ट/मैस उपविधि 2016 के अनुसार 'M/S GOURAV GROUP' फ्लॉट नं. 24, विश्वकर्मा नगर ऑटो मोबाईल योजना कोटा में होटल संचालन करने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा के ब्लॉक "ए" के प्रथम तल के कमरा नं. 238 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा उपविधि 2016 के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त राजस्व नगर निगम कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2655 जाहिर आम सूचना दिनांक - 15.12.25

आवास संख्या 11/223 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री गंगा बिशन पुत्र श्री रघुनाथ प्रसाद को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती सुनिता उपाध्याय पत्नी श्री नरेन्द्र उपाध्याय के नाम दिनांक 23.10.2008 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती सुनीता उपाध्याय पत्नी श्री नरेन्द्र उपाध्याय द्वारा दिनांक 18.12.2008 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरान्त श्रीमती सुनीता उपाध्याय पत्नी श्री नरेन्द्र उपाध्याय द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 06.09.2010 को श्री देवेन्द्र कुमार सन्दल पुत्र श्री जनकराज सन्दल को किया गया। श्री देवेन्द्र कुमार सन्दल पुत्र श्री जनकराज सन्दल का नाम दिनांक 22.12.2010 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात् श्री देवेन्द्र कुमार सन्दल पुत्र श्री जनकराज सन्दल द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 19.07.2025 को श्रीमती सविता पत्नी श्री रामकिशोर साहू को किया गया। श्रीमती सविता पत्नी श्री रामकिशोर साहू द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 11/223 स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख मे दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती सविता पत्नी श्री रामकिशोर साहू का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती सविता पत्नी श्री रामकिशोर साहू का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती सविता पत्नी श्री रामकिशोर साहू के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2610 जाहिर आम सूचना दिनांक - 10.12.25

आवास संख्या 3-के-11 तलवंडी ओटा का आवंटन मण्डल द्वारा सुश्री आदर्श बाला चौपड़ा पुत्री स्व. श्री सी.डी चौपड़ा को किया गया था। इस आवारा का पंजीयन सुश्री आदर्श बाला चौपड़ा पुत्री स्व. श्री सी.डी. चौपड़ा द्वारा दिनांक 28.10.1988 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत सुश्री आदर्श बाला चौपड़ा पुत्री स्व. श्री सी डी. चौपड़ा द्वारा उक्त आवास का बेचान